# कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन करने नागपुर आएंगे मोदी और योगी





**शहर प्रतिनिधि** | नागपुर

विदर्भ में कृषि विकास की दृष्टि से आयोजित होने वाली एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी के शुभारंभ के लिए इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के अलावा असम व त्रिपुरा के मुख्यमंत्री केंद्रीय कृषि मंत्री भी प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। प्रदर्शनी का आयोजन 23 नवंबर से 26 नवंबर तक रेशमबाग मैदान में होगा। 10वें वर्ष के कारण इस बार इस कृषि प्रदर्शनी का दायरा व्यापक होगा। लिहाजा प्रदर्शनी का आयोजन रेशमबाग मैदान के बजाय अमरावती मार्ग स्थिति कृषि विश्वविद्यालय की जगह पर भी हो सकता है।

## प्रायोगिक जानकारी दी जाती है

भूतल परिवहन मंत्री नितीन गडकरी ने शनिवार को लक्ष्मीनगर स्थित होटल अशोका में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी के मुख्य प्रवर्तक श्री गडकरी ही हैं। अब तक इस कृषि प्रदर्शनी में देश भर के कृषि विशेषज्ञ व मंत्री शामिल होते रहे हैं। वर्ष 2017 में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू प्रमुख अतिथि थे। श्री गडकरी के अनुसार एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से विदर्भ के किसानों को कृषि विकास के लिए शिक्षित किया जाता है। उन्नत व लाभकारी खेती की प्रायोगिक जानकारी दी जाती है। विविध चर्चा सत्र के आयोजन के माध्यम से विदर्भ में कृषि विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है।

## गौरव एग्रोविजन अवार्ड प्रमुख आकर्षण रहेगा

इस बार पशु प्रदर्शनी, एग्रोथान के अलावा किसानों का गौरव एग्रोविजन अवार्ड प्रमुख आकर्षण रहेगा। 25 से अधिक विषयों पर प्रशिक्षण कार्य होगा। 5 विषयों पर विस्तृत कार्यशाला होगी। विदर्भ में कृषि विकास के लिए दुग्ध व्यवसाय, मत्स्य व्यवसाय, कुक्कुट पालन, बांस की खेती व व्यवसाय के अवसरों के विषयों पर एक दिवसीय परिषद का आयोजन किया जाएगा। एग्रोविजन कृषि मंथन का आयोजन भी होगा। कृषि प्रदर्शनी की आयोजक संस्थाओं में एग्रोविजन फाउंडेशन सायटेक कम्युनिकेशन, पूर्ति उद्योग समूह, विदर्भ आर्थिक विकास परिषद व महाराष्ट्र आर्थिक विकास परिषद का समावेश है। 400 से अधिक कृषि संसाधन से संबंधित कंपनियां शामिल रहेगी। पत्रकार वार्ता में एग्रोविजन सलाहकार समिति के अध्यक्ष डा.सी डी मायी, सचिव रवि बोरटकर, रमेश मानकर, सांसद कृपाल तुमाने, विधायक मलिकार्जुन रेड्डी, विधायक डा.मिलिंद माने, पूर्व विधायक आशीष जैस्वाल, जिला परिषद अध्यक्ष निशा सावरकर उपस्थित थे।

**अमरावती मार्ग पर कृषि कन्वेंशन सेंटर प्रस्तावित | पेज 18**